# अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा (निर्वाचन आयोग)

**महासभा/क्षेत्रीय सभा निर्वाचन-2025**

**निर्वाचन मण्डल का गठन**

**सम्माननीय महासभा/क्षेत्रीय सभा/गहोई पंचायत पदाधिकारीगण एवं सजातीय बंधु**

**सादर अभिवादन**

आप सभी सजातीय बंधुओं, महासभा के सम्मानीय सरंक्षक/आजीवन सदस्यों से विनम्र निवेदन है कि आगामी माहों में महासभा कार्यकारिणी, पदाधिकारियों के निवार्चन सम्पन्न होने जा रहे हैं। महासभा के निर्वाचन रूपी इस पावन पर्व को आप आनंद, उत्साह तथा खुशियां बांटकर भव्यता के साथ सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करें।

इस पावन पर्व की खुशियों की मधुरता में आप सभी का आत्मीय स्नेह नितांत आवश्यक है। निर्वाचन आयोग के सीमित पदाधिकारी इतने महत्वपूर्ण कार्य को संभालने के लिये पर्याप्त नहीं है जिस हेतु समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, कार्यकताओं की आवश्यकता होगी।

आप सभी अवगत है कि सहायक रजिस्ट्रार द्वारा निर्वाचन हेतु निर्वाचन समिति का गठन किया गया है जो निर्वाचन आयोग क रूप में निर्वाचन सम्बंधी समस्त कार्य संपादन करेगी। अतः आप सभी से हमारा सविनय निवेदन है कि निर्वाचन समिति द्वारा जिन महानुभावों को जो भी उत्तरदायित्व सौंपे जावें उन्हें तत्परता तथा निष्ठापूर्वक करने में निर्वाचन समिति को सहयोग प्रदान करें, तभी निर्वाचन कार्यक्रम सफल हो सकेगा, ऐसी हम मंगल कामना करते हैं।

## निर्वाचन संचालन मण्डल

1. **गहोई बंधु कार्यालय** एवं गहोई बंधु पत्रिका से सम्बन्धित पदाधिकारीगण निर्वाचन सम्बन्धित कार्यों में निर्वाचन आयोग को सहयोग प्रदान करेंगे।

2. **जोन प्रभारी** & प्रत्येक क्षेत्र अथवा कुछ मतदान केन्द्रों को मिलाकर आयोग द्वारा एक क्षेत्र का निर्धारण किया जावेगा जिसके कुशल संचालन हेतु प्रत्येक जोन में एक जोनल अधिकारी की नियुक्ति आयोग द्वारा की जावेगी। जो उस जोन अन्तर्गत समस्त मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा समयानुसार निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं कुशल निर्वाचन कराए जाने हेतु उत्तरदायित्व होगें।

3. **मतदान केन्द्र प्रभारी**&मतदान केन्द्र की समुचित व्यवस्था, शांति तथा सुरक्षा बनाये रखने हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दो मतदान केन्द्र प्रभारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है। जिस हेतु स्थानीय पंचायत स्तर के पदाधिकारियों/समाजसेवियों की पदस्थापना सम्बन्धित क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष की अनुशंसा पर की गई है/की जा रही है जो उक्त मतदान केन्द्र से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेवार रहेंगे।

5. **निर्वाचन अधिकारी** – निर्वाचन सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं के कुशल संचालन हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी तथा चार मतदान अधिकारी पदस्थ रहेंगे। जो निर्वाचन के एक दिन पूर्व मतदान केन्द्र पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप तैयार करने में अपनी अहम् भूमिका का निर्वहन करेंगे। मतदान के दिन अपनी टीम के साथ मतदान सम्बन्धित समस्त प्रक्रियाओं एवं मतगणना कार्य के निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं कुशल संचालन हेतु तत्पर रहेंगे। मतपत्रों की गणना सुचारू रूप से कराकर मतपत्र लेखा एवं अभिलेख निर्वाचन समिति को सौपेंगे।

5. **पर्यवेक्षक** – अत्यंत संवेदनशील एवं आवश्यक मतदान केन्द्रों की मतदान के पूर्व एवं मतदान के दिन विशेष देखरेख हेतु निर्वाचन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति आयोग द्वारा की जा सकेगी। जो मतदान प्रक्रिया के दौरान त्रुटियों एवं कमियों के सुधार हेतु पीठासीन अधिकारी को अवगत करायेगें। तथा सुधार हेतु स्वयं प्रयत्नशील रहेंगे ताकि निर्वाचन निर्विघ्नं, शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सकें एवं मतगणना में सहयोग प्रदान करेंगे। निर्वाचन हेतु स्थानीय मतदान केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्थानीय पुलिस स्टेशन को पत्र भेजा जाना पीठासीन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

विषेशष अनुरोध :– निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्र वार दो मतदान केन्द्र प्रभारी, एक पीठासीन अधिकारी, चार मतदान अधिकारियों के नाम, मोबाइल नंबर सहित निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराने का कश्ट करें।

मतदान केन्द्र का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्ष्चित कर ले। अपरिहार्य स्थिति हो तो मतदान केन्द्र भवन में परिवर्तन हेतु प्रस्ताव एक सप्ताह में निर्वाचन आयोग गहोई बंधु कार्यालय, ग्वालियर में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आर.एन.गुप्ता
निर्वाचन आयुक्त

ई. रामनिवास छिरौल्या
निर्वाचन उपायुक्त